St.Thomas' School, Agra

Half-Yearly Specimen Paper (2024-2025)

Class: VII

Subject: Hindi Language

M. Time: 2 hours **MM: 80**

Name: ______________________________ Section:________ Roll no: ________

नोट:- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

प्रश्न-1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [5]

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

क.बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?

ख.विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?

ग.बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?

घ.बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?

च."नगण्य" शब्द का सही अर्थ है?

प्रश्न-2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [5]

यह बिमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल
बहता आता नीचे पल-पल
तन का चंचल मन का विह्वल,
यह लघु सरिता का जल।

क.सरिता का जल कहाँ से आ रहा है?

ख.सरिता का जल किस रंग का है?

ग.सरिता के जल की विशेषताएँ क्या हैं?

घ.पद्यांश का उचित शीर्षक है?

च.'सरिता' शब्द का अपने शब्दों में वाक्य प्रयोग कीजिए?

प्रश्न-3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सही उत्तर चुनकर दीजिए।
[5]

क.क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं।

(i)विशेषण (iii)क्रिया विशेषण

(ii)वाक्य (iv)क्रिया

ख.काल के मुख्यत: कितने भेद है।

(i)दो (iii)तीन

(ii)चार। (iv)पांच

ग.''जो -जो','जैसा-वैसा' आदि सर्वनाम है।

(i)निजवाचक (iii)संबंधवाचक

(ii)पुरुषवाचक (iv)इनमें से कोई नहीं

घ.रीतिवाचक क्रिया विशेषण बताते हैं-क्रिया संपन्न होने का/की

(i)मात्रा (iii)विधि

(ii)स्थान (iv)परसों

च.पूर्ण विराम की अपेक्षा कम अवधि तक रुकने के संकेत हेतु किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(i)योजक चिन्ह (iii)अल्प विराम

(ii)प्रश्नवाचक (iv)लाघव चिन्ह

प्रश्न-4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।
[3]

क.________विशेषण से वस्तु की नाप,तोल, मात्रा आदि का बोध होता है।

ख.क्रिया के मूल रूप को क्रिया की_____कहते हैं।

ग._______मे क्रिया द्वारा कर्म को प्रधान बताया जाता है।

प्रश्न-5. निम्नलिखित वाक्यों के उत्तर सही एवं गलत लिखकर दीजिए।
[3]

क.किसी पद का व्याकरण की दृष्टि से पूर्ण परिचय देने को पद परिचय कहते हैं।

ख.परिमाण वाचक में क्रिया विशेषण क्रिया के रीति का ज्ञान कराते हैं।

ग.वर्तमान काल के चार भेद होते हैं।

प्रश्न-6. निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए। [4]

i. मान
ii. मूक
iii. रजनी
iv. दुर्व्यवहार

प्रश्न-7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [4]

i.सूर्य

ii.बादल

iii.आंख

iv.कमल

प्रश्न-8. निम्नलिखित शब्दों के श्रुतिसमभिन्नर्थक शब्द लिखिए।
[4]

क.अनल, अनिल

ख.पट, पटु

iii.भवन, भुवन

iv.मूल, मूल्य

प्रश्न-9. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो दो अर्थ लिखिए। [4]

i.सूत

ii.हर

iii.हरि

iv.मत

प्रश्न-10. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।
[4]

क.पीछे चलने वाला

ख.जो भूमि उपजाऊ हो

ग.जिसे प्राप्त करना आसान हो

घ.जिसकी चार भुजाएँ हो

प्रश्न-11. निम्नलिखित एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों के अर्थ लिखिए।
[4]

क. अनुरोध-प्रार्थना

ख. अपराध-पाप

ग. अध्यक्ष-सभापति

घ. कार्य-कर्तव्य

प्रश्न-12. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए।
[2]

क.गले लगाना

ख.नाक कटना

प्रश्न-13. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।
[3]

क.उसने मथुरा जाना था।

ख.बच्चा पलंग पर से गिरा पड़ा।

ग.इस बात को गुप्त रहस्य ही रहने दो।

प्रश्न-14. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त भूतकाल के भेद का नाम लिखिए।
[3]

क.नेहा घर आ गई है।
ख.करण चाय पी चुका होगा।
ग.यदि आप कहते तो मैं चला जाता।

प्रश्न-15. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए।
[3]

क.वह 10 दिन तक बाहर रहेगा।
ख.वर्षा रुकने का नाम नहीं ले रही है।
ग.कनिष्का टमाटर खरीद रही है।

प्रश्न-16. निम्नलिखित सर्वनाम के भेद का नाम लिखिए। [3]

i. राम का कुछ खो गया है।
ii. कौन आ रहा है?
iii. तुम चलो मैं आता हूं।

प्रश्न-17. पत्र लेखन
[5]
पुलिस अधिकारी को सूचना पत्र: साइकिल की चोरी होने पर

प्रश्न-18. "योग दिवस" शीर्षक पर 100 शब्दों का अनुच्छेद लेखन कीजिए। [5]

प्रश्न-19. मेहनत से ही फल मिलता है शीर्षक पर कहानी अपने शब्दों में लिखिए। [5]

प्रश्न-20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
[6]

क.जिन वाक्यों में केवल एक उद्देश्य और एक ही विधेय हो उन्हें क्या कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
ख.क्रिया विशेषण के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम लिखिए।
ग.कुछ शब्दों के रूप लिंग, वचन, कारक और काल के अनुसार नहीं बदलते हैं उन्हें क्या कहते हैं?